एनएचपीसी सार्वजनिक क्षेत्र में सीएसआर में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित

31/10/2018

श्री अनुराग श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक (ईएमएस व सीएसआर-एसडी) श्री हंसराज गंगारामअहीर, माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री से पीएसयू श्रेणी के तहत एनएचपीसी द्वारा सतत विकास के लिए सीएसआर पहलों हेतु ट्रॉफी प्राप्त करते हुए

एनएचपीसी लिमिटेड, भारत की प्रमुख जल विद्युत कंपनी को सरकारीटेल.कॉम उत्कृष्टता पुरस्कार और फेलिशिटेशन 2018 में पीएसयू श्रेणी के तहत 'सतत विकास के लिए सीएसआर पहल' के लिए ट्रॉफी और सराहना प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। श्री अनुराग श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक (ईएमएस व सीएसआर-एसडी) ने 25 अक्तूबर 2018 को नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में एनएचपीसी की ओर से माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री हंसराज गंगाराम अहीर से यह पुरस्कार प्राप्त किया ।
इस समारोह में वेनेजुएला, भूटान एवं उज़्बेकिस्तान देशों के राजदूत भी उपस्थित थे। इस दौरानएनएचपीसी के कंसल्टेंसी एवं बिज़नेस डेवलपमेंट, सीएसआर तथा कारपोरेट संचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।जलविद्युत विकास, बिझनेस डेवलपमेंट तथा सीएसआर-एसडी के क्षेत्र में एनएचपीसी द्वारा किए के कार्यों को यहाँ प्रदर्शित किया गया।इस समारोह में उपस्थित अतिथियों ने एनएचपीसी के कार्यों में गहरी रूची दिखाई। यह पुरस्कार कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और सतत विकास (सीएसआर-एसडी) के क्षेत्र में एनएचपीसी के उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देता है जो एनएचपीसी की व्यावसायिक दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग है। एनएचपीसी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, ग्रामीण विकास, कौशल विकास, पर्यावरण स्थिरता, महिला सशक्तिकरण, खेल के प्रचार, कला और संस्कृति इत्यादि के क्षेत्रों में अपनी परियोजनाओं / पावर स्टेशनों / इकाइयों के आसपास रहने वाले समुदाय के लिए कई सीएसआर पहलों को कार्यान्वित किया है।

*****

फ़रीदाबाद

27.10.2018